THE MINISTER OF STATE OF TIE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) Except in the case of State capitals, status of a city is not the prime consideration for setting up of a Doordarshan Centre, Meerut is located well within the coverage zone of TV transmitters operating at Delhi and Mussoorie. There has also not been any demand in this regard in the recent past.

उर्दू के समाचार बुलेटिनों में गैर-उर्दू शब्दों का इस्तेमाल

5346. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों से उर्दू में प्रसारित होने वाले समाचार बुलेटिनों में गैर-उर्दू शब्दों का प्रयोग किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे शब्द कौन-कौन से हैं और किस स्तर पर और कब ऐसे शब्दों को उर्दू समाचार बुलेटिनों में शामिल करने का निर्णय लिया गया था;

(ग) क्या यह सच है कि इस प्रकार के शब्द दुनिया के अन्य भागों में प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिनों में शामिल नहीं किए जाते हैं;

(घ) क्या इन शब्दों के प्रयोग पर विरोध भी प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के॰ पी॰ सिंह): (क) सामान्य प्रक्रिया के तौर पर शब्दों की उत्पत्ति का ध्यान किये बिना उर्दू तथा अन्य भाषाओं के समाचार बुलेटिनों में आम प्रयोग के शब्दों को शामिल किया जाता है ताकि श्रोतागणों को उन्हें समझने में आसानी हो।

(ख) इस प्रकार के ब्यौरों का रख-रखाव नहीं किया जाता।

(ग) सरकार के पास इस प्रकार की कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

आकाशवाणी में उर्दू कार्यक्रमों के लिए एक्जीक्यूटिव्ज

5347. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आकाशवाणी में उर्दू कार्यक्रमों के लिए एक्जीक्यूटिव की कुल स्वीकृत संख्या कितनी है;

(ख) इस समय उनकी वास्तविक संख्या कितनी है और खाली पड़े ऐसे पदों की संख्या कितनी है;

(ग) इन पदों के खाली रहने के क्या कारण हैं; और

(घ) खाली पड़े इन पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के॰पी॰ सिंह देव): (क) 27

(ख) वर्तमान में 21 पदधारी हैं तथा 6 पद रिक्त पड़े हैं।

(ग) पदधारियों की पदोन्नति तथा त्यागपत्र देने के कारण स्थान रिक्त हुए हैं।

(घ) आकाशवाणी तथा दूरदर्शन में कार्यक्रम निष्पादकों के पद हेतु भर्ती नियमों में पदों की पदोन्नति तथा सीधी भरती द्वारा भरे जाने की व्यवस्था है। जहां तक पदोन्नति का संबंध है, दो सहायक संपादकों (उर्दू) तथा उर्दू भाषा का गहन ज्ञान रखने वाले एक ट्रांसपिशन निष्पादक को कार्यक्रम निष्पादकों के रूप में पदोन्नति की गई है। विभिन्न पदों के संबंध में आकाशवाणी/दूरदर्शन की आवश्यकताओं को समेकित करने के पश्चात जाकी छः रिक्तियों को भरने के लिए शीघ्र ही संघ लोक सेवा आयोग को मांग-पत्र भेजा जाएगा।

Production of Indian version of Jurassic Park

5348. **SHRI HIPHEI:** Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are aware of certain moves of Indian Film Industry to